IGH

December - Examination 2018

BAP/BCP/BSc.P Examination

Introduction of General Hindi

सामान्य हिन्दी का परिचय

Paper - IGH

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) स्वर किसे कहते हैं?

(ii) भाषा की लघुत्तम इकाई किसे कहते हैं?

(iii) हिन्दी भाषा की लिपि कौनसी है?

(iv) क्रिया की परिभाषा लिखिए।

(v) लिंग बदलिए।

क) नायक

ख) अध्यापक

(vi) 'जेबकतरा' शब्द का समास विग्रह कीजिए।

(vii) टोपी शब्द का वचन बदलिए।

(viii) कमल के दो पयार्यवायी शब्द लिखिए।

खण्ड – ब **4 × 8 = 32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) संज्ञा किसे कहते हैं? संज्ञा के भेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

नर हो न निराश करो मन को।
कुछ काम करो, कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो,
समझो, जिसमें यह व्यर्थ न हो।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को....
नर हो न निराश करो मन को।

4) निम्न लिखित अनुच्छेद को पढ़कर उसमें से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

भारत में गुरू शिष्य संबंध का वह भव्य रूप आज साधुओं, पहलवानों और संगीतकारों में ही थोड़ा बहुत ही सही, पाया जाता है। भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे। उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी। इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरू के लिए उत्तम शिष्य कितना मंहगा और महत्वपूर्ण है। संतानहीन रहना उन्हें दुःख नहीं है। इस संबंध में भगवान ईसा का एक कथन सदा स्मरणीय है। उन्होंने कहा था, 'मेरे अनुयायी लोग मुझसे कही अधिक महान हैं और उनकी जूतियाँ होने की योग्यता भी मुझमें नहीं। सही बात है, गांधी जी बनने की क्षमता जिनमें हैं उन्हें गांधीजी अच्छे लगते हैं और वे ही उनके पीछे चलते भी है। विवेकानन्द की रचना सिर्फ उन्हें पसंद आएगी जिनमें विवेकानन्द बनने की अद्‌भुत शक्ति निहित होगी। उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) भारत में आज गुरू-शिष्य संबंध का थोड़ा बहुत भव्य रूप किस-किस में पाया जाता है?

(ii) उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना किसने की थी-
अ) रामकृष्ण परमहंस
ब) विवेकानन्द

(iii) गुरू-शिष्य के सम्बन्ध में भगवान ईसा का क्या कथन है?

(iv) निम्न शब्दों के विलोम अर्थ लिखिए।
अ) योग्य
ब) सही
क) अच्छा
ड) दुःख

(v) विवेकानन्द की रचना किन लोगों को पसन्द आएगी।

5) कारक की परिभाषा और उसके विभिन्न विभक्ति चिह्नों की जानकारी दीजिए।

6) सर्वनाम के विभिन्न प्रकारों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

7) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

   (i) कान भरना।

   (ii) आँखों का तारा होना।

   (iii) घी के दिए जलाना।

   (iv) गुदड़ी का लाल।

   (v) चिकना घड़ा।

8) बूढ़ी काकी द्वारा जूठन खाते देख रूपा की जो प्रतिक्रिया हुई उसका वर्णन कीजिए।

9) निम्न लिखित उपसर्गों से दो–दो शब्दों का निर्माण कीजिए।

   (i) अप

   (ii) अनु

   (iii) उप

   (iv) सु

   (v) नि

खण्ड – स **2 × 16 = 32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए।

(i) राजमहल

(ii) दोपहर

(iii) सुख–दुख

(iv) त्रिनेत्र

(v) यथाशक्ति

(vi) दोषमुक्त

(vii) महासागर

(viii) शरणागत

11) गांधी का पत्र – 'चरित्र निर्माण' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

12) निम्नशब्दों के अर्थ लिखिए।
व्यर्थ, अखिलेश्वर, अवलम्बन दुर्लभ, आघात, सुवास, हतज्ञान, तरूण

13) संक्षेपण के अर्थ और प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए संक्षेपण और पल्लवन में अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

———